हिंदी भाषा एकता एवं अखंडता की परिचायक

प्रशासनिक सभागार में बैठक करते कुलपति • जागरण

पूसा, संस : डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के सभागार में नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति की चतुर्थ बैठक हुई। इसमें केंद्रीय कार्यालय में राजभाषा हिंदी को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डा. पीएस पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा एकता एवं अखंडता का परिचायक है। विश्वविद्यालय में राज भाषा को प्रोत्साहित करने पर बल दिया जा रहा है। डॉ पांडेय ने कहा कि हिंदी को अपना कर समाज एवं देश का विकास किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित नराकास, समस्तीपुर के अध्यक्ष समीर साईं ने कार्यालय में हिंदी भाषा में ज्यादा से ज्यादा कार्य करने की अपील की। निदेशक शिक्षा डा. एमएन झा ने विद्यालय स्तर से ही भाषा हिंदी को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। बैठक के दौरान प्रीति प्रिया ने विभाग की छमाही रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। ऑनलाइन माध्यम से कृषि अनुसंधान शिक्षा डा. परमजीत यादव एवं यूनियन बैंक आफ इंडिया के महाप्रबंधक रामजीत एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजेश ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डा. शंकर झा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. गुप्तनाथ त्रिवेदी ने किया। मौके पर केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, बैंक के पदाधिकारी व भारतीय खाद्य निगम, जीवम बीमा निगम, नाबार्ड, आयकर विभाग के पदाधिकारी आदि थे।

Dainik Jagran 11-08-2023